# झारखण्ड विधान सभा

## दैनिक विवरणिका

पंचम् झारखण्ड विधान सभा
संख्या–01

एकादश (बजट) सत्र
सोमवार, दिनांकः–27 फरवरी, 2023 ई०।

समयः–11:00 बजे पूर्वा० से 12:58 अप० तक।

(माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया)

1. प्रारंभिक वक्तव्य

माननीय अध्यक्ष महोदय द्वारा पंचम् झारखण्ड विधान सभा के एकादश (बजट) सत्र के अवसर पर सभी माननीय सदस्यों का हार्दिक अभिनंदन करते हुए अपना उद्‌गार व्यक्त किया गया। उन्होंने अपनी भावना व्यक्त करते हुए कहा कि पंचम् झारखण्ड विधान सभा का यह चौथा बजट सत्र है और राज्य की साढ़े तीन करोड़ जनता की आशा और उम्मीदें इस बजट सत्र से जुड़ी हैं। राज्य सरकार ने प्रथम बजट सत्र में "सिर्फ संरचना निर्माण का नहीं बल्कि मानव संसाधन विकास" का जो संकल्प लिया, उसे और गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि संसदीय व्यवस्था में वाद–विवाद और प्रश्नोत्तर के माध्यम से विकास के अमृत का निर्माण होता है। पक्ष और विपक्ष अपने विचारों के मूल में राज्य की जनता के कल्याण को रखेंगे, तो निश्चित रूप से यह बजट सत्र पूर्ण रूपेण सफल होगा।

10 से 12 जनवरी, 2023 तक जयपुर में हुए 83 वें अखिल भारतीय पीठासीन पदाधिकारियों के सम्मेलन में झारखण्ड विधान सभा का प्रतिनिधित्व करने एवं उक्त सम्मेलन के दौरान प्राप्त अनुभव का उल्लेख करते हुए कहा कि संविधान की भावना के अनुरूप विधायिका और न्यायपालिका के बीच सामंजस्यपूर्ण संबंध बनाये रखने की आवश्यकता है तथा संसद एवं विधानमंडल को और प्रभावी बनाने हेतु शक्तियों के पृथक्करण के सिद्धांत, प्रश्नकाल के दौरान व्यवधान न उत्पन्न करने समिति प्रणाली को और अधिक सशक्त बनाने विधायी निकायों को और अधिक दक्ष बनाने के लिए राष्ट्रीय डिजिटल ग्रिड के निर्माण आदि

की चर्चा की गयी। इस बजट सत्र में कुल 17 बैठकें निर्धारित है। इसके उपरान्त आसन द्वारा माननीय राज्यपाल महोदय से प्राप्त निम्न संदेश को पढ़ा गया–

"भारत के संविधान के अनुच्छेद–176 के खण्ड (1) के द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, मैं, सी0पी0 राधाकृष्णन, झारखण्ड का राज्यपाल, एतद् द्वारा झारखण्ड विधान सभा को दिनांक–27 फरवरी, 2023 को 11:30 बजे पूर्वा० में संबोधित करना चाहता हूँ और इस हेतु झारखण्ड विधान सभा के सभा वेश्म, राँची में सदस्यों की उपस्थिति चाहता हूँ।"

राँची–

ह0/–

दिनांक–22 फरवरी, 2023

सी0पी0 राधाकृष्णन
झारखण्ड के राज्यपाल

इसके उपरान्त माननीय अध्यक्ष महोदय, राज्यपाल महोदय की अगवानी के लिए सदन से कुछ क्षण के लिए बाहर गए और इस दौरान सदन में माननीय सदस्यों से शांति बनाए रखने हेतु उन्होंने आग्रह किया। साथ ही इस दौरान किसी माननीय सदस्य के सदन से बाहर न जाने एवं सदन के अन्दर न आने का भी अनुरोध किया। कुछ समय पश्चात् माननीय राज्यपाल महोदय को साथ लेकर माननीय अध्यक्ष महोदय सदन के अंदर प्रवेश किये।

(राष्ट्रीय धुन)

## 2. सूचना दिया जाना

श्री बिरंची नारायण, माननीय सदस्य द्वारा राष्ट्रधुन के दौरान पदाधिकारी दीर्घा में उपस्थित कतिपय पदाधिकारियों के बेठे रहने पर खेद प्रकट करते हुए एतद् संबंधी सूचना दी गयी।

आसन से निदेश प्राप्त होने पर सभा सचिव के द्वारा माननीय राज्यपाल महोदय से सदन में अपने अभिभाषण देने हेतु आग्रह किया गया।

## 3. राज्यपाल महोदय का अभिभाषण

सभा सचिव द्वारा राज्यपाल महोदय से अनुरोध किये जाने के उपरान्त राज्यपाल महोदय ने झारखण्ड प्रक्षेत्र के वीर सपूतों का अभिनन्दन व स्मरण करते हुए पंचम झारखण्ड विधान सभा के बजट सत्र में सभी सदस्यों का हार्दिक अभिनंदन और आभार व्यक्त किया। अपनी भावना प्रकट करते हुए उन्होंने कहा कि लोकतंत्र के इस मंदिर में आप सभी राज्य के

चहुमुखी विकास एवं जनता की आकांक्षाओं को पूरा करने हेतु सक्रिय भागीदारी का निर्वहन करेंगे। कृषि और किसान हमारे अर्थव्यवस्था के महत्वपूर्ण आधार है। जिनकी खुशहाली के लिए झारखण्ड कृषि ऋण माफी योजना के तहत् 4.5 लाख से अधिक किसानों के बीच कुल 1727 करोड़ रूपये की ऋण माफी राज्य सरकार द्वारा की गई। सुखाग्रस्त क्षेत्र के किसानों को राहत पहुचाने हेतु मुख्यमंत्री सुखाड़ राहत योजना के तहत प्रति परिवार 3500 रूपये की दर से 13 लाख से अधिक किसानों के बीच 461 करोड़ रूप्ये की राशि हस्तांतरित की गयी। राज्य में मत्स्य क्षेत्र के विकास के लिए ''नीली क्रांति'' लाने हेतु सरकार कृत संकल्प है।

गांव ही राष्ट्र के विकास की धुरी है। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की ''ग्राम स्वराज'' की अवधारणा को आत्मसात करते हुए गांवों के समग्र विकास के लिए आजीविका सशक्तिकरण हुनर अभियान के माध्यम से 26 लाख परिवार को जोड़ा गया। राज्य के पंचायत सचिवालय के सुदृढ़ीकरण के लिए कुल 4345 में से अब तक 4261 पंचायत सचिवालय भवन का निर्माण कार्य पूर्ण किया गया है तथा निर्वाचित जन प्रतिनिधियों को प्रशिक्षित किया जा रहा है। राज्य में सर्वजन पेंशन योजना लागू करते हुए 21.08 लाख लाभुकों को आच्छादित किया गया है। छात्राओं की उच्चतर शिक्षा हेतु सावित्री वाई फुले किशोरी योजना के तहत् 2022–23 में अब तक 6.51 लाख से अधिक बालिकाओं को इस योजना का लाभ प्रदान किया गया है। आत्मनिर्भर झारखण्ड की अवधारणा को साकार करने के उद्देश्य से झारखण्ड औद्योगिक पार्क एवं लोजिस्टिक नीति झारखण्ड विद्युत वाहन नीति एवं झारखण्ड इथेनॉल प्रोमशन नीति अधिसूचित किया गया है। झारखण्ड राज्य तसर रेशम के उत्पादन में देश में प्रथम स्थान रहा है। राज्य के युवक–युवतियों के कौशल विकास हेतु निजी क्षेत्र में स्थानीय नियोजन नीति के उद्घोषणा एवं नियुक्ति हेतु ऑफर लेटर वितरण समारोह में राज्य के कुल छः हजार प्रशिक्षित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र बांटा गया। राज्य के 100 यूनिट बिजली मुक्त योजना के तहत् 18 लाख लाभांन्वित हुए है। रांची शहर में सुगम यातायात व्यवस्था हेतु कांटाटोली एवं सिरमटोली चौक पर फोर लेन फ्लाईओवर निर्माण का कार्य प्रारंभ किया गया है। दिसम्बर, 2022 से संपूर्ण राज्य में Suo-motto म्यूटेशन आरंभ किया गया है।

राज्य में वन संवर्धन एवं संरक्षण के सतत् प्रयासों के कारण वनावरण एवं वृक्षारोपण कुल भौगोलिक क्षेत्र का 34.08 प्रतिशत हो गया है जो राष्ट्रीय वन नीति 1988 के आलोक में राज्य के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। शासन व्यवस्था में जनता की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए सरकार ने ''आपके अधिकार–आपकी सरकार–आपकी द्वार'' कार्यक्रम की शुरूवात की

जिससे शासन के हर स्तर पर जनता की भागीदारी सुनिश्चित हुई है। अपनी भावना व्यक्त करते हुए माननीय राज्यपाल ने कहा कि भारत के निर्माण में झारखण्ड सर्वश्रेष्ट योगदान देने को संकल्पित और तत्पर है।

तत्पश्चात् अभिभाषण की समाप्ति की सूचना सभा सचिव द्वारा दी गयी।

(राष्ट्रीय धुन)

माननीय अध्यक्ष महोदय के द्वारा माननीय राज्यपाल महोदय को सम्मानपूर्वक विदा किया गया।

माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया

माननीय राज्यपाल के अभिभाषण के संबंध में धन्यवाद प्रस्ताव पर संशोधनों की सूचना आज दिनांक–27.02.2023के 03:00 बजे अप० तक ही लिए जाने की घोषणा आसन द्वारा दी गई।

## 4. सभापति का मनोनयन

| | | |
|---|---|---|
| 1. | श्री स्टीफन मराण्डी | स०वि०स० |
| 2. | श्री रामचन्द्र चन्द्रवंशी | स०वि०स० |
| 3. | श्रीमती सीता मुर्मू | स०वि०स० |
| 4. | श्री रामचन्द्र सिंह | स०वि०स० |
| 5. | श्री निरल पुरती | स०वि०स० |

## 5. कार्यमंत्रणा समिति का गठन

झारखण्ड विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य–संचालन के नियम–224(1) के अधीन पंचम् झारखण्ड विधान सभा के एकादश (बजट) सत्र के लिए कार्य–मंत्रणा समिति का गठन निम्न प्रकार से किया गया–

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | श्री रबीन्द्र नाथ महतो | अध्यक्ष | सभापति |
| 2. | श्री हेमन्त सोरेन | मुख्यमंत्री | सदस्य |
| 3. | श्री आलमगीर आलम | संसदीय कार्यमंत्री | सदस्य |
| 4. | श्री सत्यानन्द भोक्ता | मंत्री | सदस्य |

5. श्री चन्द्रेश्वर प्रसाद सिंह  स०वि०स०  सदस्य
6. श्री सुदेश कुमार महतो  स०वि०स०  सदस्य
7. श्री सरयू राय  स०वि०स०  सदस्य

विशेष आमंत्रित सदस्य

1. श्री चम्पाई सोरेन  मंत्री
2. श्री रामेश्वर उराँव  मंत्री
3. श्री नलिन सोरेन  मुख्य सचेतक (सत्तापक्ष)
4. श्री स्टीफन मराण्डी  स०वि०स०
5. श्री लोबिन हेम्ब्रम  स०वि०स०
6. श्री नीलकंठ सिंह मुण्डा  स०वि०स०
7. श्री प्रदीप यादव  स०वि०स०
8. डॉ० सरफराज अहमद  स०वि०स०
9. श्री रामचन्द्र चन्द्रवंशी  स०वि०स०
10. श्रीमती अपर्णा सेन गुप्ता  स०वि०स०
11. श्री विनोद कुमार सिंह  स०वि०स०
12. श्री कमलेश कुमार सिंह  स०वि०स०
13. श्रीमती पूर्णिमा नीरज सिंह  स०वि०स०

नियमानुसार अध्यक्ष इस समिति के सभापति तथा सभा सचिव इसके सचिव होंगे। सभा की कार्यवाही के तुरन्त बाद इस समिति की बैठक माननीय अध्यक्ष के कार्यालय कक्ष में होगी जिसमें सभी माननीय सदस्यों को उपस्थित होने हेतु अनुरोध किया गया।

6. औपचारिक कार्य

माननीय अध्यक्ष की अनुमति से सभा सचिव द्वारा झारखण्ड विधान सभा के विगत सत्रों में उद्भूत एवं सभा द्वारा पारित विधेयकों की विवरणी सभा पटल पर रखी गई, जिसपर माननीय राज्यपाल महोदय ने अपनी अनुमति प्रदान की है तथा जिसकी सूचना पंचम् झारखण्ड विधान सभा के दशम् (शीतकालीन )सत्र की समाप्ति के बाद प्राप्त हुई है–

माननीय राज्यपाल महोदय द्वारा अनुमत विधेयक की विवरणी–

| क्रमांक | अनुमत विधेयक का नाम | अनुमति की तिथि | अधिनियम संख्या |
|---|---|---|---|
| 1 | झारखण्ड विनियोग (संख्या–04) विधेयक, 2022 | 27.12.2022 | 13/2022 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 2 | झारखण्ड कराधान अधिनियमों की बकाया राशि का समाधान विधेयक, 2022 | 19.01.2023 | 01/2023 |
| 3 | झारखण्ड आकस्मिकता निधि (संशोधन) विधेयक, 2022 | 31.01.2023 | 02/2023 |
| 4 | झारखण्ड राज्य कृषि उपज और पशुधन विपणन (संवर्धन और सुविधा) विधेयक, 2022 | 03.02.2023 | 03/2023 |
| 5 | झारखण्ड नगरपालिका (संशोधन) विधेयक, 2022 | 10.02.2023 | 04/2023 |
| 6 | सोना देवी विश्वविद्यालय विधेयक, 2022 | 14.02.2023 | 05/2023 |
| 7 | बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय विधेयक, 2022 | 14.02.2023 | 06/2023 |

## 7. कृत कार्रवाई प्रतिवेदन का उपस्थापन (ATR)

आसन द्वारा पुकारे जाने पर माननीय संसदीय कार्य मंत्री, श्री आलमगीर आलम द्वारा झारखण्ड विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन के नियम–244(2) के अधीन पंचम् झारखण्ड विधान सभा के दशम् (शीतकालीन) सत्र में विभिन्न विषयों पर सरकार द्वारा दिये गये आश्वासनों से संबंधित ''कृत कार्रवाई प्रतिवेदन'' की प्रति सभा पटल पर उपस्थापित की गयी।

## 8. शोक प्रकाश

विगत् सत्र से अब तक की अवधि में कई महत्वपूर्ण राजनेता, खिलाड़ी समाजसेवी और आम नागरिक गुजर गए, इनमें से शरद यादव, हेमेन्द्र प्रताप देहाती, सिलविया बागे, पंडित केसरीनाथ त्रिपाठी, प्रोफेसर सिद्देश्वर प्रसाद, डॉ० रामकृपाल सिन्हा, लोकनाथ प्रसाद, पेले एवं पोप बेनेडिक्ट 16 आदि प्रमुख हैं।

07 बार लोकसभा तथा 04 बार राज्यसभा के सांसद एवं बिहार की सियायत के भीष्म पितामह कहे जाने वाले शरद यादव, पूर्व मंत्री एवं समाजवादी नेता लाल हेमेन्द्र प्रताप देहाती, पूर्व विधान पार्षद एवं शिक्षाविद सिलविया बागे, बिहार एवं पश्चिम बंगाल के पूर्व राज्यपाल रहे पंडित केसरीनाथ त्रिपाठी, त्रिपुरा के पूर्व राज्यपाल एवं पूर्व केन्द्रीय मंत्री प्रोफेसर सिद्देश्वर प्रसाद, पूर्व केन्द्रीय मंत्री डॉ रामकृपाल सिन्हा, पटना हाईकोर्ट के सेवानिवृत्त न्यायाधीश एवं झारखण्ड राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के पूर्व अध्यक्ष जस्टिस लोकनाथ प्रसाद, आधुनिक इतिहास के सबसे महान और प्रसिद्ध फुटबॉलर ब्राजील के जादुई खिलाड़ी पेले, समाजसेवक

पोप बेनेडिक्ट–16, राँची के प्रसिद्ध छायाकार कवल भाटिया, 11 जनवरी, 2023 को जम्मू–कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में खाई गिरने से शहीद हुए तीन जवानों, 15 जनवरी, 2023 को नेपाल की यात्री विमान दुर्घटना में 72 सवारी, 27 जनवरी, 2023 को धनबाद के हाजरा अस्पताल में भीषण आग से हुई 07 लोगों की मौत, 28 जनवरी, 2023 को मध्य प्रदेश में भारतीय वायुसेना के एक पायलट के मौत की घटना एवं शनिवार यानि 25 फरवरी, 2023 को छत्तीसगढ़ में नक्सली मुठभेड़ में शहीद हुए तीन जवानों के प्रति आसन द्वारा श्रद्धा सुमन समर्पित की गई। तत्पश्चात् पुकारे जाने पर माननीय सदन नेता एवं मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन, माननीय सदस्य श्री बिरंची नारायण, माननीय मंत्री श्री आलमगीर आलम, माननीय मंत्री श्री सत्यानंद भेक्ता, माननीय सदस्य श्री प्रदीप यादव, माननीय सदस्य श्री सुदेश कुमार महतो, माननीय सदस्य श्री विनोद कुमार सिंह, माननीय सदस्य श्री सरयू राय एवं माननीय सदस्य श्री अमित कुमार यादव ने भी इनके प्रति श्रद्धा सुमन निवेदित किया। श्रद्धा सुमन अर्पण के उपरान्त दो मिनट का मौन रखा गया।

इसके बाद सभा की कार्यवाही मंगलवार, दिनांक–28 फरवरी, 2023 के 11:00 बजे पूर्वा० तक के लिए स्थगित की गयी

राँची

दिनांक–27.02.2023

सैयद जावेद हैदर

प्रभारी सचिव,

झारखण्ड विधान–सभा, राँची।